# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना – 800006

आवेदन की अंतिम तिथि 31.08.2018

राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा – 2019
(कक्षा VIII में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

परीक्षा की तिथि 04.11.2018

## प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2018–19 में राज्य सरकार के विद्यालयों में कक्षा VIII में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा–2019 के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्रवृत्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी निम्नवत है :–

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा – 2019

■ **राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना** – मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परन्तु मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए "राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना" (National Means - cum - Merit Scholarship Scheme) प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य के केवल राजकीय / राजकीयकृत / राज्य सरकार / भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय / मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों / मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में नामांकित होकर विधिवत अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कक्षा IX से कक्षा XII तक की पढ़ाई के लिए पूर्व में प्रति वर्ष 6000/– रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। जिसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संशोधित कर प्रतिवर्ष 12000/– रूपये कर दिया गया है।

■ **छात्रवृत्ति हेतु आवेदन देने की अर्हत्ता**

1. आवेदक शैक्षिक सत्र 2017–18 में राज्य के केवल राजकीय / राजकीयकृत / राज्य सरकार / भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय (जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय एवं प्राइवेट विद्यालय को छोड़कर) / मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों / मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में पढ़ते हुए 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंकों के साथ कक्षा VII की परीक्षा उत्तीर्ण हों और वर्तमान शैक्षिक सत्र 2018–2019 में ऊपर अंकित किसी भी प्रकार के विद्यालय में कक्षा VIII में नामांकित होकर विधिवत अध्ययनरत हों।

2. जिनके माता–पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 1.5 लाख (एक लाख पचास हजार) रुपये से अधिक नहीं हो।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त छात्र/छात्राओं के लिए उत्तीर्णांक में 5 (पाँच) प्रतिशत की छूट होगी।

■ **चयन प्रक्रिया** :– इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु अहर्त्ता प्राप्त छात्र/छात्राओं का चयन SCERT Patna, के द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा द्वारा किया जाएगा।

■ **छात्रवृत्ति की संख्या** :– सम्पूर्ण भारत वर्ष में 1 (एक) लाख छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य का कोटा है। कोटा के अनुसार बिहार राज्य का अंश 5433 हैं। राज्य के आवंटित कोटा से प्रत्येक जिला का कोटा एक सूत्र के अनुसार निर्धारित है।

■ **आरक्षण** :– इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित/लागू आरक्षण नियमावली के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा।

■ **परीक्षा शुल्क** :– इस परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा का स्वरूप निम्नवत है:–

| विषय | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | | न्यूनतम अर्हत्ताक (MAT एवं SAT को जोड़कर) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य के लिए | निःशक्त (केवल नेत्रहीन) के लिए | सामान्य के लिए | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त के लिए |
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | 72(40%) | 58(32%) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | | |

**परीक्षा का पाठ्यक्रम :** राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा का कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना है। इस परीक्षा में प्रश्न राज्य सरकार के विद्यालयों में वर्ग VIII में पढ़ाए जाने वाले विषयों / पाठ्यक्रम पर आधारित रह सकते हैं। मानसिक योग्यता परीक्षा के अन्तर्गत तर्क, विश्लेषण, संश्लेषण से संबंधित शाब्दिक, अशाब्दिक प्रश्न एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा के अंतर्गत विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव–विज्ञान), सामाजिक विज्ञान (इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं भूगोल) एवं गणित विषय से प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रणाली के अंतर्गत 4 (चार) विकल्प वाले होंगे। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित होगी। प्रश्न–पत्र हिन्दी / अंग्रेजी दोनों भाषाओं में रहेगा। परीक्षार्थियों को अपना उत्तर OMR उत्तर–पत्रक पर देना है। राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा का आदर्श उत्तर (Model Answer) दिनांक 12.11.2018 तक SCERT PATNA के वेबसाईट www.scertbihar.co.in पर अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी दिनांक– 23.11.2018 तक अपनी आपत्ति परिषद् के Email – exam.scertpatna@yahoo.com पर वैध एवं प्रमाणिक साक्ष्य के साथ अपने रौल नं0 का उल्लेख करते हुए भेज सकते है। नियत तिथि के उपरान्त अथवा बिना वैध साक्ष्य के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**निःशक्तता प्रमाण–पत्र :–** निःशक्त आवेदकों के लिए निःशक्तता से संबंधित सक्षम पदाधिकारी (Civil Surgeon) द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करने पर आवेदन–पत्र में None चिन्हित किया जाय।

**जाति–प्रमाण–पत्र :–** आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) द्वारा निर्गत जाति–प्रमाण–पत्र की छाया प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में आवेदन–पत्र के क्रम संख्या 6 पर सामान्य श्रेणी चिन्हित किया जाय।

**आय–प्रमाण–पत्र :–** आवेदन–पत्र के साथ सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) से प्राप्त आय–प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**परीक्षा केन्द्र :–** परीक्षा केन्द्र सभी जिला मुख्यालयों में होगा।

**आवेदन–पत्र कैसे प्राप्त करें :–** SCERT PATNA के Website www.scertbihar.co.in से डाउनलोड कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

**आवेदन–पत्र जमा करने का स्थान एवं अन्तिम तिथि :–** सभी परीक्षार्थी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन–पत्र अपने–अपने विद्यालय में दिनांक 31.08.2018 तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्राचार्य के कार्यालय में जमा करेंगे। विद्यालय प्रधान सभी आवेदन–पत्रों का परीक्षार्थी के अंग्रजी नाम के आधार पर Alphabetically MS Excel Sheet में समेकित कर पूर्ण विवरणी (दो प्रति में) सूची बना कर दिनांक 04.09.2018 तक निश्चित रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। प्रधानाध्यापक आवेदन–पत्रों के समेकित सूची की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी आवेदन–पत्रों को विद्यालयवार समेकित कर लेंगे। सभी आवेदन पत्रों की समेकित सूची विहित प्रपत्र में Hard एवं soft copy में विद्यालयवार एक साथ तैयार करेंगे। समेकित सूची की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं आवेदन पत्रों के साथ समेकित सूची की दूसरी प्रति Hard एवं soft copy में दिनांक 07.09.2018 तक परिषद् कार्यालय में विशेष दूत से उपलब्ध करायेंगे।

- ■ आवेदक फोटो के पीछे अपना नाम एवं पिता का नाम अवश्य लिखें ।
- ■ आधे–अधूरे आवेदन–पत्र अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र अथवा सीधे एस. सी. ई. आर. टी. महेन्द्रू, पटना को भेजा गया आवेदन–पत्र बिना किसी पत्राचार के अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
- ■ परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जाएगा। विद्यालय प्रधान अपने विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र अपने जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। परीक्षार्थियों को समय पर प्रवेश–पत्र वितरित हो जाए इसे जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

1/8/18

(विनोद कुमार सिंह)
निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना–800006

विशेष जानकारी के लिए www..scertbihar.co.in पर visit किया जा सकता है।